प्रेस-विज्ञप्ति **26.09.2021**

दिनांक 26 सितम्बर, 2021 को मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की 89वीं वार्षिक आम सभा (2021-22) मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के डॉ. गौर हरि सिंहानिया सभाकक्ष में संपन्न हुई।

मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की वार्षिक आम सभा में वर्ष 2021-22 के लिए निर्विरोध रूप से श्री अतुल कनोडिया -अध्यक्ष एवं श्री अभिषेक सिंहानिया-उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। वार्षिक आम सभा में:

श्री अजय कुमार सराउगी, श्री आकाश गोयनका, श्री अनिल कुमार अग्रवाल, श्री अनुराग लोहिया, डॉ. जे.एन. गुप्ता, श्री मयंक खन्ना, श्री नीरज गुप्ता, श्री आर.के. अग्रवाल, श्री रोहित अग्रवाल, श्री शशांक अग्रवाल, श्री सुधींद्र जैन, श्री सुनील खन्ना, श्री संदीप गुप्ता, श्री विजय पांडे, श्री विनीत चंद्रा गवर्निंग कौंसिल के सदस्य चुने गए।

मर्चेंट्स चेम्बर के निर्वाचित अध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया ने माननीय कौंसिल सदस्यों एवं चेम्बर के समस्त सदस्यों को उन्हें अध्यक्ष चुने जाने के लिए धन्यवाद दिया एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूर्व अध्यक्षगणों द्वारा किये गए समस्त अच्छे कार्यों के क्रम को आगे बढ़ाते हुए चेम्बर की गतिविधियों को नई उचाईयों तक पहुँचाने का यथासम्भव प्रयास करेंगे तथा इस कार्य हेतु सभी स्नेही-बंधुओं के सुझावों व सहयोग की आवश्यकता होगी। श्री कनोडिया ने कहा कि मर्चेंट्स चेम्बर, व्यापारिक व सामाजिक सेवा क्षेत्र में सदैव अग्रणी होने के नाते आम जन साधारण की सुविधा हेतु नौ दशकों से पुरजोर प्रयासरत है। श्री कनोडिया ने कहा कि आशाओ से भरे भविष्य में हम सबको उम्मीद के साथ कोविड-19 महामारी के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए निरंतर प्रयासरत रहना होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि समस्त विशिष्ट जनों व मर्चेंट्स चेम्बर के समस्त सदस्यगणों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

श्री महेन्द्र मोहन जी गुप्त ने नयी टीम को आशीर्वाद दिया।

मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष श्री अभिषेक सिंघानिया ने मर्चेंट्स चेम्बर के नव निर्वाचित अध्यक्ष, कौंसिल मेंबर्स एंड समस्त सदस्यगणों का आभार व्यक्त किया।

डॉ. जे.एन. गुप्ता ने आये हुए सदस्यों का आभार व्यक्त किया। श्री महेंद्र मोदी, सचिव, मर्चेंट्स चेम्बर, ने सभा का संचालन किया।

मर्चेंट्स चेम्बर के पूर्व अध्यक्षीयगणों में श्री जे.के. लोहिया, श्री ज्वाला प्रसाद अग्रवाल, श्री बी.एम. गर्ग, श्री संजीव झुनझुनवाला, डॉ. आई.एम. रोहतगी एवं चेम्बर के सदस्यगण उपस्थित थे।

धन्यवाद,

मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश